भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1976

जिसका उत्तर 31.07.2025 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर डुमरिया घाट पुल

†1976. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर गंडक नदी पर डुमरिया घाट पुल के निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत राशि और किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त पुल के निर्माण कार्य के कारण कौन-कौन से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग किया जा रहा है; और

(ग) क्या उक्त पुल के निर्माण कार्य के लिए प्रयोग की जाने वाली सामग्री का परीक्षण किया जा रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) डुमरिया घाट पुल के निर्माण कार्य के लिए 358 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। अब तक इस पर 175 करोड़ रुपये व्यय हो चुके हैं।

(ख) निर्माणाधीन नये दो लेन पुल के समीप पहले से ही एक दो लेन का पुल विद्यमान है, जिस पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा है।

(ग) जी, हाँ। पुल के निर्माण कार्य के लिए सामग्री का परीक्षण नियमित आधार पर विनिर्देशों के अनुसार किया जा रहा है।

*****